जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय

मदाऊ, भांकरोटा, जयपुर– 302026 (कार्यालय दूरभाष न.–0141–5132005)

वेबसाईट http://psst2014.com एवं www.jrrsanskrituniversity.ac.in हैल्पलाईन नम्बर–8561809619

क्रमांकः प.( )जरारासंविवि / पीएसएसटी / 14 / दिनांकः

प्री–शिक्षाशास्त्री परीक्षा (PSST) 2014

राजस्थान राज्य में स्थित शिक्षाशास्त्री महाविद्यालयों में सत्र 2014–15 हेतु शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए राज्य सरकार एवं राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के नियमानुसार **प्री–शिक्षाशास्त्री टेस्ट (PSST)–2014 दिनांक 01 जून 2014 (रविवार)** को अपरान्ह 2.00 बजे से 5.00 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रो पर आयोजित होगी। इस हेतु पात्र अभ्यार्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

पात्रता :– विधि द्वारा स्थापित किसी भी विश्वविद्यालय से **शास्त्री / आचार्य एवं स्नातक / स्नातकोत्तर परीक्षा (संस्कृत विषय सहित)** जो राजस्थान राज्य के विश्वविद्यालयों की स्नातक / स्नातकोत्तर परीक्षा (संस्कृत विषय सहित) के समतुल्य मानी गई है। पीएसएसटी वेबसाईट पर उपलब्ध विवरणिका में उल्लेखित प्रवेश–अर्हताओं की पूर्ति करने वाले अभ्यर्थी पात्र है। शास्त्री / आचार्य एवं स्नातक / स्नातकोत्तर परीक्षा (संस्कृत विषय सहित) तत्समकक्ष में सामान्य वर्ग न्यूनतम अंक 50 प्रतिशत राजस्थान के अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अधिसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / विशेष पिछड़ा वर्ग / विकलांग तथा विधवा एवं विवाह विछिन्न महिला अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम अंक 45 प्रतिशत वांछित है। वांछित न्यूनतम प्रतिशत की गणना में एक अंक भी कम स्वीकार्य नहीं होगा एवं ऐसा होने पर आवेदक की अभ्यर्थता को निरस्त कर दिया जायेगा। पात्रता परीक्षा अर्थात शास्त्री / स्नातक अन्तिम वर्ष अथवा आचार्य / स्नातकोत्तर वर्ष की द्वितीय वर्ष परीक्षा में इस वर्ष अध्ययनरत अभ्यर्थी भी आवेदन हेतु पात्र है, किन्तु काउन्सलिंग द्वारा निर्धारित तिथि को निर्धारित न्यूनतम अर्हता के संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। यह स्पष्ट किया जाता है कि ऐसे अभ्यर्थियों से महाविद्यालय में रिपोर्टिंग के समय अन्य किसी प्रकार का प्रोविजनल प्रमाण पत्र अथवा समाचार पत्र में घोषित परिणाम या इंटरनेट से जारी अंकतालिका आदि स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

आरक्षण :– राजस्थान के अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अधिसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / विशेष पिछड़ा वर्ग / विकलांग तथा विधवा एवं विवाह विछिन्न महिला अभ्यर्थियों को नियमानुसार स्थानों में आरक्षण उपलब्ध होगा।

ऑनलाइन आवेदन पत्रों की उपलब्धता एवं भरने की प्रक्रिया :– वेबसाइट **http://psst2014.com** एवं **www.jrrsanskrituniversity.ac.in पर दिनांक** 03.05.2014 से उपलब्ध होंगे तथा आवेदन भरने व बैक चालान जमा कराने की अन्तिम तिथि **19.05.2014 होगी।**

ऑनलाइन आवेदन पत्र को पूर्ण रूप से भरकर ऑनलाइन ही सबमिट करें तथा इनकी प्रिन्ट प्रतियाँ प्राप्त कर परीक्षा शुल्क के मूल चालान सहित एवं आवश्यक दस्तावेजों की सत्यापित प्रतिलिपियाँ संलग्न कर 10X12 के लिफाफे में **समन्वयक, पीएसएसटी–2013** जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, ग्राम–मदाऊ, पोस्ट–भांकरोटा, जयपुर–302026 पर अन्तिम **तिथि दिनांक 22 मई 2014** को सांयकाल 5.00 बजे तक **रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट या व्यक्तिगत जमा करावें।**

परीक्षा शुल्क :– शुल्क 400 / – (चार सौ रूपये मात्र) वेबसाइट पर उपलब्ध एवं निर्धारित बैंक चालान को डाउनलोड करें एवं **अधिकृत बैंक ऑफ बड़ौदा की राजस्थान में स्थित किसी भी शाखा** में दिनांक 19. 05.2014 तक जमा करावें।

प्रवेश पत्र प्राप्त :– अभ्यर्थी द्वारा सफल रूप से ऑनलाइन आवेदन करने तथा इनकी प्रिन्ट प्रतियाँ विश्वविद्यालय में प्राप्त होने के पश्चात् उक्त वेबसाइट के माध्यम से दिनांक 01.06.2014 (रविवार) को आयोजित प्री–शिक्षाशास्त्री परीक्षा 2014 के प्रवेश पत्र दिनांक **27.05.2014 से 01.06.2014** तक प्राप्त कर सकते हैं।

परीक्षा परीणाम :– परीक्षा परीणाम पीएसएसटी की वेबसाइट पर दिनांक **06.06.2014** से प्राप्त कर सकते है।

डॉ. सुभाष चन्द शर्मा
सह–समन्वयक, पीएसएसटी

सुनील शर्मा (RAS)
कुलसचिव एवं समन्वयक, पीएसएसटी